**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 11.07.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा–भारत में डिजिटल भुगतान का नक्शा बदल दिया है–यू पी आई की बहुत बड़े पैमाने पर स्वीकार्यता बढ़ी है।
- राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर में अपनाई गई रक्षा तकनीकों पर कहा कि ऐसा हजारों वर्षों में एक बार होता है।
- अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स ने बीस सदस्यों वाले प्रतिनिधिमंडल के साथ कोलकाता फेयर में की भागीदारी।
- अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने कहा– वाहनों में काली फिल्म का प्रयोग न करें।

**<><><><><><><>**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि भारत में बडे पैमाने पर यू पी आई को अपनाये जाने से भुगतान किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक तेजी से होता है। यू पी आई ने भारत में डिजिटल भुगतान का नक्शा बदल दिया है। यू पी आई के माध्यम से लेनदेन के साक्ष्य बताते हैं कि डिजिटल भुगतान से उपभोक्ताओं का अनुभव समृद्ध हुआ है और बहुत बड़े पैमाने पर इसकी स्वीकार्यता बढ़ी है। वर्ष दो हजार सोलह में अपनी शुरूआत से यू पी आई यानी यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस के माध्यम से हर महीने अट्ठारह अरब से अधिक मूल्य का लेन–देन होता है।

**<><><><><><><>**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने कहा है कि स्वदेशी प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में सफलता हासिल की। इसके तहत पाकिस्तान में अट्ठाईस मिनट में नौ या दस आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। आज आई आई टी मद्रास के बासठवें दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के पास ब्रह्मोस, एकीकृत वायु कमान प्रणाली और रडार जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी थी। ऐसा हजारों वर्षों में एक बार होता है और देश के युवाओं को इसे जानना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से दुर्लभ खनिजों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कम्प्यूटिंग जैसे संसाधनों के जरिए नई तकनीक बनाकर देश को दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनाने का आग्रह किया।

**<><><><><><><>**

अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी–नासा ने कहा है कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्जिओम–4 मिशन के तीन अन्य क्रू सदस्यों की वापसी यात्रा चौदह जुलाई से शुरू होगी। मिशन वापसी शुरू होने के कई घंटे बाद अंतरिक्ष यात्री प्रशांत महासागर में कैलिफ़ोर्निया तट के पास उतरेंगे। शुभांशु अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के चौदह–दिवसीय मिशन पर हैं। शुभांशु अपना मिशन पूरा करके वापस लौटने के लिए तैयार हैं। उनकी मां आशा शुक्ला अपने बेटे की वापसी को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इस बारे में पूछने पर उन्होंने कहा–

**<><><><><><><>**

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, श्री विजयपुरम में हिन्दी दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ए बी चाकुरकर ने की। हिन्दी प्रकोष्ठ के प्रभारी एलेक्स प्रवीण बारला ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों एवं महत्व के बारे में जानकारी दी। प्रशासनिक अधिकारी कनिष्क भुकर ने राजभाषा हिंदी में ई–ऑफिस और ई. एच आर एम एस प्रणालियों को उपयोग में लाने पर प्रबंधन विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी कर्मचारियों को हिंदी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में वैज्ञानिकों, तकनीकी, प्रशासनिक और सहायक कर्मचारियों सहित लगभग पिचासी कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एस बी आई गाराचरमा के शाखा प्रबंधक

बिदेश दास के नेतृत्व में एक टीम ने केंद्र सरकार वेतन पैकेज पर एक प्रस्तुति दी। टीम ने विभिन्न निवेश विकल्पों और साइबर सुरक्षा उपायों के बारे में भी लोगों को जानकारी दी।

<><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर कोलकाता–दो हजार पच्चीस में बीस से अधिक सदस्यों वाले प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी की घोषणा करते हुए गर्व महसूस करता है। यह मेला 10 से 12 जुलाई तक कोलकाता के विश्व बांग्ला मेला प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। यह सुबह ग्यारह बजे से शाम छः बजे तक दर्शकों के लिए खुला रहेगा। आटो प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व इसके अध्यक्ष मोहन विनोद कर रहे हैं, जो अंडमान द्वीप समूह को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के यात्रियों के लिए एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहे हैं। यह आयोजन आटो के लिए प्रमुख उद्योग हितधारकों के साथ नेटवर्क बनाने, ट्रैवल एजेंटों और खरीदारों के साथ बातचीत करने और साहसिक पर्यटन, इको–पर्यटन, सांस्कृतिक पर्यटन और अनछुए समुद्र तटों सहित अंडमान द्वीप समूह की अनूठी पेशकशों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। यह भारत के सबसे बड़े यात्रा व्यापार शो में से एक है, जो टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंटों, होटल व्यवसायियों और पर्यटन बोर्डों को एक ही छत के नीचे लाता है। आटो की भागीदारी अंडमान द्वीप समूह को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थान दिलाने के लिए उसके सक्रिय प्रयासों को रेखांकित करती है। आटो के अध्यक्ष मोहन विनोद ने कहा –

<><><><><><>

अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने वाहन मालिकों और ऑटोमोबाइल से जुड़े व्यक्तियों से आग्रह किया है कि वे वाहनों के सुरक्षा ग्लास, विंडस्क्रीन –आगे, पीछे और साइड ग्लास पर किसी भी दृश्य प्रकाश संचरण –वीएलटी या किसी अन्य सामग्री की काली फिल्म का उपयोग ना करें। इनका उपयोग करने वालों पर न्यायालय के आदेशानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम जनता से अनुरोध है कि वे यातायात उल्लंघन की रिपोर्ट करने वालों की स्पष्ट तस्वीर, लघु वीडियो, जिसमें वाहन का स्पष्ट पंजीकरण नंबर, दिनांक, समय और अपराध का स्थान शामिल हो, आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 9531892228 पर भेज सकते हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस अग्निशमन सेवा और अंडमान निकोबार पुलिस ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल किया। अभ्यास का उद्देश्य विभिन्न आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों की तैयारियों का आंकलन करना, अंतर–विभागीय समन्वय को मजबूत करना और वास्तविक समय की आपदाओं से निपटने में कर्मियों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाना था। यह मॉक ड्रिल भूकम्प जैसी आपदा को ध्यान में रखते हुए की गई। अंडमान निकोबार पुलिस अग्निशमन सेवा द्वारा अग्निशमन कार्य किया गया, जिसमें नकली आग को नियंत्रित करने और बुझाने के लिए अग्निशमन वाहनों, पाइपों और श्वास उपकरणों का उपयोग किया गया।

<><><><><><>

उपभोक्ताओं एवं सरकारी विभागों को सूचित किया जाता है कि छोलदारी उप–मंडल के अंतर्गत टी एंड डी रखरखाव के संबंध में कल विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। टेलराबाद, विम्बलीटान, नया शहर, मंगलुटान, मंजेरी, गुप्तापाड़ा, वंडूर, सिप्पीघाट से डंडस प्वाइंट, ओग्राब्रज जंक्शन से तिरुर तक बिजली आपूर्ति में बाधा रहेगी।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार कबड्डी एसोसिएशन बीस और इक्कीस जुलाई को श्री विजय पुरम में एक ओपन कबड्डी चैंपियनशिप आयोजित करने जा रहा है। अंडर–19 लड़के और लड़कियां इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। टीमें चौदह से अट्ठारह जुलाई के बीच नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक संघ कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए टीमें कार्यालय समय के दौरान राज्य ओलंपिक संघ से संपर्क कर सकती हैं।

<><><><><><>